प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

8 फरवरी 2021

वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2021

भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) 2016 से हर वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह (एफ़एलडब्ल्यू) का आयोजन कर रहा है ताकि देश भर में किसी विशेष विषय पर वित्तीय शिक्षा संदेशों का प्रचार किया जा सके।

2. वर्तमान वर्ष एफएलडब्ल्यू के लिए चयनित विषय **"ऋण अनुशासन और औपचारिक संस्थाओं से ऋण"** है, जो 8-12 फरवरी 2021 तक मनाया जाएगा। यह विषय वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति 2020-2025 के कार्यनीतिक उद्देश्यों में से एक है। मुख्यतः क) जिम्मेदार उधार; ख) औपचारिक संस्थानों से उधार और ग) समय पर चुकौती, पर ध्यान दिया जाएगा।

3. बैंकों को सूचित किया गया है कि वे अपने ग्राहकों और आम जनता के बीच सूचना का प्रसार करें और जागरूकता उत्पन्न करें। इसके अलावा, रिज़र्व बैंक आम जनता के लिए आवश्यक वित्तीय जागरूकता संदेशों को प्रसारित करने के लिए फरवरी 2021 माह के दौरान एक केंद्रीकृत जन मीडिया अभियान चलाएगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/1062